अति आवश्यक / महत्वपूर्ण

प्रेषक,

सचिव,
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी,
5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड,
लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / प्रबन्धक,
समस्त डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन,
प्रशिक्षण केन्द्र,
उत्तर प्रदेश।

पत्र संख्या :– 11463/18 दिनांक :– 10/12/18

विषय :– डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन प्रबन्धकीय कोटे की सीट (Management) के प्रथम वर्ष परीक्षा दिसम्बर, 2018 की पुनरीक्षित समय–सारिणी के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन, एवं डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन की परीक्षा दिनांक **18 दिसम्बर, 2018 से 20 दिसम्बर, 2018** तक निर्धारित की गई है। उक्त परीक्षा की तिथियों से छात्र / छात्राओं को आप अपने स्तर से अवगत करा दें।

मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा प्रबन्धकीय कोटे की सीट (Management) (प्रथम वर्ष)

मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा	**18–12–2018**	प्रातः 10 बजे से

लिखित परीक्षा प्रथम वर्ष

1. प्रथम प्रश्न पत्र	**19–12–2018**	प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे तक
2. द्वितीय प्रश्न पत्र	**20–12–2018**	प्रातः 10:30 बजे से 1:30 बजे तक

नोट :–

लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा आप अपने स्तर से उक्त तिथियों के अनुसार सम्पन्न कराकर लिखित परीक्षा के मार्क्स, प्रैक्टिकल परीक्षा के मार्क्स एवं टर्म मार्क्स फैकल्टी की वेबसाइट **www.upsmfac.org** पर सेन्टर लॉग–इन पैनल में मार्क्स इन्ट्री पैनल में फीड करें एवं उसका सत्यापित प्रिन्ट आउट कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें, जिससे कि समय से परीक्षाफल घोषित किया जा सके। अभ्यर्थियों की अनुक्रमांक सूची एवं एडमिट कार्ड प्रशिक्षण केन्द्र अपने सेन्टर लॉग–इन पैनल से डाउनलोड कर सकते हैं। यदि आपके प्रशिक्षण केन्द्र पर परीक्षा हेतु उत्तर पुस्तिकायें उपलब्ध नही है तो इस कार्यालय से सम्पर्क कर उत्तर पुस्तिकायें भी ले जाने का कष्ट करें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ - 226001
फोन : 0522 - 2238846, 2236600, फैक्स : 0522-2237800

पत्रांक सं0 ...11765/18 दिनांक ...10/12/18

सेवा में,

विभागाध्यक्ष,

पैथालोजी विभाग,

1. सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ, 2. सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ, 3. संतोष मेडिकल कालेज, गाजियाबाद, 4. कैरियर कालेज ऑफ पैरामेडिकल, लखनऊ, 5.हिन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सफेदाबाद बाराबंकी, 6. ऐराज मेडिकल कालेज, लखनऊ, 7. रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, बरेली, 8. तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, मुरादाबाद, 9. हिन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सीतापुर, 10. टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ, 11. रामा इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, कानपुर, 12. मेयो कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस बाराबंकी।

विषय–<u>डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन प्रबन्धकीय कोटे की सीट (Management) के प्रथम वर्ष दिसम्बर, 2018 की परीक्षा के सम्बन्ध में।</u>

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक इस कार्यालय के पत्र संख्या–8803(24)/18 दिनॉक 03.10.2018 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। जो डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन एवं डिप्लोमा इन एक्स–रे टेक्नीशियन प्रथम वर्ष की परीक्षा दिसम्बर–2018 के सम्बन्ध में है।

उक्त परीक्षा के सम्बन्ध में परीक्षा में बैठने वाले छात्र/छात्राओं के अनुक्रमांक, प्रवेश पत्र एवं एवार्ड लिस्ट भेजी जा रही है। पत्र में उल्लिखित दिशा निर्देशों के अनुसार प्रबन्धकीय कोटे की सीट (Management) के प्रथम वर्ष दिसम्बर, 2018 में लिखित एवं प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराकर परीक्षाफल अति शीघ्र इस कार्यालय में भेजने का कष्ट करें।

1. प्रश्न–पत्र आप अपने स्तर से बनवाकर परीक्षा सम्पन्न कराने का कष्ट करें।
2. प्रश्न पत्रों को पूर्व में भेजे गये सेलेबस के अनुसार विषय सम्मिलित किये जायेगें। प्रश्न–पत्र प्रयोगशाला टेक्नीशियन के स्तर के योग्य बनाये जायेगें।
3. प्रत्येक प्रश्न–पत्र 75 अंको का होगा।
4. 25 अंक इन्टरनल एसेसमेन्ट में होगे। जिनमें छात्र/छात्राओं के साल भर के कार्यभर को देखते हुए फैकल्टी कार्यालय में भेजने का कष्ट करें, यह अंक लिखित परीक्षा के साथ जोड़े जायेगे।
5. **<u>FIRST-YEAR</u>**

Paper	Subject	Internal	External	Total
First	General Anatomy, Physiology Pathology, Pharmacology & Microbiology	25	75	100
Second	Haematology, Microbiology-I & Biochemistry-I	25	75	100
Practical		25	75	100

.....2

6. लिखित परीक्षा करवाने के बाद कृपया उत्तर–पुस्तिकाओं की जाँच आप अपने स्तर से ही करवाकर उनके अंक प्रयोगात्मक परीक्षा के अंकों के साथ इस कार्यालय मे भेजने का कष्ट करें। अंको के लिए प्रोफार्मा संलग्न किया जा रहा है।

7. लिखित परीक्षा की उत्तर–पुस्तिकाओं का जाँच एवं प्रयोगात्मक परीक्षा कराने के लिए परीक्षक का चयन आप अपने स्तर से करने का कष्ट करें तथा नीचे दर्शाये गये पारिश्रमिक के अनुसार रेमुनरेशन बिल इस कार्यालय को प्रेषित करने का कष्ट करें।
प्रयोगात्मक परीक्षा लेने वाले एवं लिखित परीक्षाओं की कॉपियों की जाँच हेतु परीक्षकों को रूपये 20/–(बीस रूपये) प्रति छात्र की दर से देय होगा।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या :– 11765-1/18 दिनांकः– 10/12/18

प्रतिलिपि–**प्रधानाचार्य,** 1. सरदार पटेल इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, लखनऊ, 2. सुभारती मेडिकल कालेज, मेरठ, 3. संतोष मेडिकल कालेज, गाजियाबाद, 4. कैरियर कालेज ऑफ पैरामेडिकल, लखनऊ, 5. हिन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सफेदाबाद बाराबंकी, 6. ऐराज मेडिकल कालेज, लखनऊ, 7. रूहेलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल, बरेली, 8. तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज, मुरादाबाद, 9. हिन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, सीतापुर, 10. टी0एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ, 11. रामा इन्स्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, कानपुर, 12. मेयो कालेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस बाराबंकी।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।